प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

1 जुलाई 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक ने शरी अर्वब कुमार चौधरी को कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 3 जून 2024 से श्री अर्णब कुमार चौधरी को कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया।

कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व, श्री चौधरी पर्यवेक्षण विभाग में प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

श्री चौधरी को भारतीय रिज़र्व बैंक में 3 दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने वित्तीय संस्थाओं के पर्यवेक्षण के क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य किया है। उन्होंने कॉर्पोरेट कार्यनीति, बजट, लेखांकन और निर्गम विभाग के क्षेत्र में कार्य किया है। उन्होंने कई समितियों और कार्य दलों के सदस्य के रूप में भी कार्य किया है तथा नीति निर्माण में योगदान दिया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री चौधरी 1. निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम, 2. विदेशी मुद्रा विभाग, 3. अंतरराष्ट्रीय विभाग का कामकाज संभालेंगे।

श्री चौधरी एक सनदी लेखाकार (चार्टर्ड अकाउंटेंट) हैं और उनके पास अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री है। वह आईआईबीएफ के सर्टिफाइड एसोशिएट भी हैं।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/604